**राजस्थान में कोयला खानों के कर्मकारों को कानूनी सुरक्षा**

4647. **श्री शिव चरण सिंह** : क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में कोयला खानों में कितने कर्मकार कार्यरत हैं ;

(ख) इन कर्मकारों के हितों का ध्यान रखने वाले विभागों का नाम सहित ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि कोयला खानों के मात्र दस प्रतिशत कर्मकारों का ही सर्वेक्षण किया गया है और शेष नब्वे प्रतिशत के लिए कोई कानूनी सुरक्षा नहीं है, यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(घ) कितने कर्मकारों को न्यूनतम वेतन मिल रहा है और कितने कर्मकारों को बोनस और अन्य लाभ प्राप्त हो रहे हैं ; और

(ङ) क्या सरकार राजस्थान में कोयला खानों में काम करने वाले कर्मकारों का विस्तृत सर्वेक्षण कराएगी और उनके लिए सभी कानूनी अधिकार मुहैया कराएगी, यदि हां, तो यह कब तक कर लिए जाने की आशा है ?

**कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस० बी० नायमगौडा)** : (क) से (ग) राजस्थान में कोई कोयला खान विद्यमान नहीं है । अप्रैल, 91 में भारत सरकार द्वारा एक लिग्नाइट खान (1.7 मि०ट० प्रति वर्ष क्षमता) और एक संयोजित तापीय विद्युत गृह (2X120 मेगावाट क्षमता) को राजस्थान के बीकानेर जिले के बारसिंगसर में स्वीकृति दी गई । यह कार्य अभी परियोजना के चरण में है ।

(घ) बारसिंगसर की लिग्नाइट खान में कार्यरत मजदूर कामगारों की संख्या 40 है । उनकी मजदूरी निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से अधिक हैं । उन्हें नेयवेली लिग्नाइट कारपोरेशन के नियमों के अनुसार बोनस व अन्य लाभ भी दिये जाते हैं । लिग्नाइट खान में कार्यरत उपर्युक्त 40 कामगारों के अलावा आफिस, गेस्ट हाउस, आदि में 36 कर्मचारी गैर-अधिकारी संवर्ग में कार्यरत हैं ।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

**High level Committee for power stations**

4648. SHRI B. K. HARIPRASAD: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) what is the composition of High Level Committee constituted for reviewing coal supply to various thermal power stations;

(b) what is the latest report submitted by the High Level Committee in respect of thermal power stations particularly of Raichur Power station;

(c) whether it is a fact that Raichur Thermal Power Station has to close down two of its three units due to shortage of coal; and

(d) whether Government have issued any instruction to the State Government/State Electricity Board to improve the shortage of coal at the Raichur Thermal Power Station?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI S. B. NYAMAGOUDA): (a) and (b) Supply of coal to Thermal Power Stations (TPSs) in Western and Southern Regions have been posing some problems due to low coal production in Singareni Collieries Co. Ltd. Therefore, a Special Group was constituted to review and update the recommendations made earlier by the Task Force headed by Secretary, Department of Power with regard to demand and supply of coal for thermal power stations (TPSs) in Southern and Western region. The composition of the Group was as follows:—